
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 44 ■ अंक : 114 ■ रविवार 12 जुलाई 2026 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
संपादक – हीरो अशोक बोधा BMM, L.LB., M.A. Mobile.:- 9822045566
FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com
epaper.ulhasvikas.com



पृष्ठ.. 4 पर पढ़ें..

**विंबलडन मैच देखने पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा**

# स्मार्ट मीटर का 'झटका'!

■ **800 रुपये का बिजली बिल सीधे 9000 पहुंचा;**

■ **महावितरण पर गुस्सा**






**उल्हासनगर.** शहर में स्मार्ट मीटर का विवाद अब और बढ़ गया है, और पुराने मीटर की जगह नया मीटर लगाने के बाद बिजली के बिल में भारी बढ़ोतरी होने से आम ग्राहक गुस्से में हैं। लगभग 800 रुपये महीने का बिल नौ हज़ार तक पहुंचने का दावा करते हुए महावितरण के खिलाफ अपनी नाराज़गी जताने के लिए ऑफिस पहुंचे।

उल्हासनगर कैंप नंबर 4, सुभाष टेकड़ी और ज्योति नगर इलाकों में आर्थिक रूप से कमज़ोर परिवारों के घरों में बिना किसी पहले से सूचना या ग्राहकों की सहमति के पुराने बिजली मीटर की जगह स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। निवासियों के अनुसार, बिजली का बिल, जो पहले लगभग 800 रुपये महीने आता था, अब नौ हज़ार तक पहुंच रहा है।

चूंकि कई परिवारों की महीने की कमाई सिर्फ़ लगभग 10 हज़ार रुपये है, इसलिए उनके लिए इतना बड़ा बिल चुकाना नामुमकिन हो गया है। सोशल एक्टिविस्ट सुशील पवार और सुनील पवार की अगुवाई में नागरिक महावितरण ऑफिस पहुंचे और अधिकारियों से लिखित शिकायत की, जिसमें गलत बिलों को तुरंत ठीक करने की मांग की गई।

### जांच का भरोसा....

महावितरण के अधिकारी कुंभार ने भरोसा दिलाया कि वह नागरिकों की शिकायतों पर ध्यान देंगे, मामले की जांच करेंगे और सही फैसला लेंगे। मुख्यमंत्री फडणवीस के साफ निर्देशों के बावजूद कि कंज्यूमर्स की जानकारी और सहमति के बिना मीटर नहीं बदले जाएंगे, नागरिकों ने दावा किया है कि इसका उल्लंघन हो रहा है, और उन्होंने जल्द से जल्द न्याय नहीं मिलने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी भी दी है।

# अंबरनाथ नपा सभापति चुनाव सोमवार को

■ **बांधकाम, स्वास्थ्य, महिला बाल कल्याण, जलापूर्ति, टाउन प्लान, शिक्षण विभाग समिति के चुनाव होंगे**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ नगर परिषद विषय समिति सभापति के चुनाव कल 13 जुलाई सोमवार को होंगे. जिलाधिकारी की तरफ से अंबरनाथ नगर परिषद को निर्देश जारी किए गए हैं. अंबरनाथ नपा के चुनाव दिसंबर 25 में हुए थे. आज 6 महिने बीत जाने के बाद भी शिवसेना-भाजपा के आपसी मतभेद के कारण ये चुनाव नहीं हो पा रहे थे. 6 विषय समिति, बांधकाम विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षण समिति, जलापूर्ति विभाग, टाउन प्लानिंग और महिला बाल कल्याण विभाग समिति के चुनाव होंगे. सोमवार को 11 बजे प्रांत अधिकारी विजय आनंद शर्मा की देखरेख में ये चुनाव होने जा रहे हैं. शिवसेना (शिंदे) एवं भाजपा में गठबंधन होने के कारण ये चुनाव आपसी समझबूझ से होने के आसार हैं. शिवसेना को कौन सी समिति का सभापति एवं भाजपा को कौन-सा विषय समिति का सभापति दिया जाएगा. इस पर चर्चा हो रही है. लेकिन कुछ दिनों से दोनों पक्ष के बीच की कटुता को देखते हुए शंका जताई जा रही है कि क्या आपसी मतभेद को बाजू में रखकर ये चुनाव होंगे. या फिर यहां भी हंगामा होगा. जानकारी ये मिल रही है कि भाजपा ने महत्वपूर्ण विषय समिति पर अपना सभापति हो इसके लिए प्रयास कर रहे हैं. लेकिन अब सोमवार को ही ये पता चलेगा कि कौन बाजी मारता है.

विदित हो कि अंबरनाथ नपा में शिवसेना 27+ राकांपा के 4+ अपक्ष 1= 32 नगरसेवकों का गठबंधन है तो भाजपा 14+12 कांग्रेस+ अपक्ष 1+नगराध्यक्षा कुल 28 नगरसेवक इस तरह कुल 60 नगरसेवक हैं, लेकिन कुछ दिनों पूर्व शिवसेना भाजपा का गठबंधन हुआ है.

## कारखाने की दीवाल गिरी, 2 मजदूर घायल

**भिवंडी.** नागांव फातिमा नगर में एक जर्जर कारखाने की दीवाल गिरने से 2 मजदूर घायल हो गए हैं.भिवंडी में बरसात बंद होने के बाद 24 घंटे के दौरान यह तीसरी घटना घटी है.शुक्रवार को खंडू पाड़ा में खोली और संगम पाड़ा में भी खोली का हिस्सा गिरा लेकिन कोई जनहानि नहीं हुई. जानकारी के बाद मनपा आपत्ति व्यवस्थापन प्रमुख शाकिब खरबे,वार्ड अधिकारी मकसूम शेख सहित अन्य क्षेत्रीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और कारखाना खाली किए जाने का निर्देश संबंधित मालिक को दिया.मनपा उपायुक्त सपना बसावा ने बताया कि,पावरलूम कारखाने को जमींदोज किए जाने की नोटिस दी गई थी.

# उल्हासनगर में स्टाम्प ड्यूटी अभय योजना लागू करने की प्रक्रिया शुरू

■ **पेंडिंग प्रॉपर्टी ट्रांज़ैक्शन में आएगी तेज़ी**




**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में स्टाम्प ड्यूटी के 1,272 मामलों में आखिरकार उम्मीद की किरण दिखने लगी है। राज्य सरकार ने एक अहम फ़ैसला लेने की दिशा में कदम बढ़ाया है जिससे कई सालों से रुके हुए प्रॉपर्टी ट्रांज़ैक्शन में तेज़ी आएगी. रेवेन्यू मिनिस्टर चंद्रशेखर बावनकुले ने संबंधित अधिकारियों को उल्हासनगर के लिए स्टाम्प ड्यूटी प्रोटेक्शन स्कीम लागू करने का प्रोसेस तुरंत शुरू करने का निर्देश दिया है, जिससे हज़ारों नागरिकों को आर्थिक राहत मिलने का रास्ता साफ़ हो गया है।

उल्हासनगर शहर में स्टाम्प ड्यूटी से जुड़े 1,272 पेंडिंग मामलों पर राज्य सरकार के पॉज़िटिव रुख़ से हज़ारों नागरिकों को बड़ी राहत मिलने के संकेत मिले हैं। शुक्रवार को रेवेन्यू मिनिस्टर बावनकुले की अध्यक्षता में एक ऑनलाइन मीटिंग हुई। मीटिंग के दौरान उल्हासनगर में पेंडिंग स्टाम्प ड्यूटी केस का डिटेल में रिव्यू किया गया, जिसके बाद रेवेन्यू मिनिस्टर ने संबंधित अधिकारियों को 1,272 केस के लिए स्टाम्प ड्यूटी अभय स्कीम को तुरंत लागू करने का प्रोसेस शुरू करने के साफ निर्देश दिए।

मीटिंग में MLA कुमार ऐलानी, रेवेन्यू डिपार्टमेंट के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, इंस्पेक्टर जनरल ऑफ़ रजिस्ट्रेशन एंड कंट्रोलर ऑफ़ स्टाम्प्स (CT), पुणे, डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार (KHAUF), ठाणे रूरल, और रेवेन्यू डिपार्टमेंट के सीनियर अधिकारी शामिल हुए। स्टाम्प ड्यूटी अभय स्कीम के लागू होने के बाद, प्रॉपर्टी डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन और ट्रांसफर से जुड़े ट्रांज़ैक्शन, जो कई सालों से अलग-अलग वजहों से पेंडिंग थे, उन्हें पूरा करने में मदद मिलेगी।

उम्मीद है कि नागरिकों को जुर्माने और एक्स्ट्रा स्टाम्प ड्यूटी के बोझ से बड़ी फाइनेंशियल राहत मिलेगी। रेवेन्यू मिनिस्टर के निर्देशों के बाद, उम्मीद है कि संबंधित डिपार्टमेंट द्वारा ज़रूरी एडमिनिस्ट्रेटिव कार्रवाई जल्दी पूरी की जाएगी और स्कीम असलियत में लागू होगी, और उल्हासनगर में प्रॉपर्टी ट्रांज़ैक्शन को नई रफ़्तार मिलने की संभावना है।

## DCM सुनेत्रा पवार के हाथों राकां के मध्यवर्ती कार्यालय का उद्घाटन



**बदलापुर.** शनिवार की सुबह राज्य की उपमुख्यमंत्री और एनसीपी की अध्यक्ष सुनेत्रा अजीत पवार ने बदलापुर पश्चिम में बनाए गए पार्टी के मध्यवर्ती कार्यालय का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया. इस उपलक्ष्य में बदलापुर पश्चिम के बेलवली क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय का उद्घाटन के बाद स्थानीय पत्रकारों से बातचीत करते हुए उप मुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार ने यह विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यालय न केवल एक पार्टी कार्यालय होगा, बल्कि एक ऐसा केंद्र भी होगा जो हमेशा जनता के सवालों के लिए खुला रहेगा, कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाएगा और एनसीपी पार्टी की विचारधारा को जनता तक अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचाएगा.

# अंबरनाथ में 6-6 दिन नलों में पानी नहीं

■ **मजीप्रा पर निकाला गया मोर्चा**

■ **अब बच्चों को लेकर मोर्चा निकालने की तैयारी**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है. शहर पश्चिम में तो 5 से 6 दिन लोगों को पानी नहीं मिल रहा है, जिसके कारण लोग घर छोड़-छोड़ कर भाग रहे हैं. शहर पश्चिम का इस मामले में बुरा हाल है. नगरसेवक उमेश पाटिल और किरण राठोड़ ने मजीप्रा कार्यालय पर यहां के निवासियों का एक विशाल मोर्चा निकाल कर निवेदन दिया. उमेश पाटिल ने अधिकारियों को बताया कि हम लोगों ने अपना रक्त देकर मजीप्रा से लोगों के लिए पानी मांगा था. तब हमसे वादा किया गया था कि रोजाना एक घंटा पानी दिया जाएगा. लेकिन अभी कोहोजगांव, उलन चाल, कमलाकर नगर, फुले नगर, चिंचपाड़ा, वांद्रा पाड़ा, दुबई कालोनी में 5 से 6 दिन तक लोगों को पानी नहीं मिलने से इस बरसात में लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटक रहे हैं. पानी नहीं मिलने से लोग घर छोड़-छोड़ कर भाग रहे हैं. अगर रोजाना एक घंटा लोगों को मजीप्रा ने पानी नहीं दिया, तो हम इस परिसर के छोटे-छोटे बच्चों को लेकर मुख्य कार्यालय पर मोर्चा निकालेंगे. नगरसेवक किरण राठोड़ ने अधिकारियों को बताया कि पानी की मुख्य लाइन से अवैध कनेक्शन लेकर पानी चोरी किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि मजीप्रा लोगों से पानी का बिल बराबर वसूल कर रहा है. अगर मजीप्रा ने रोजाना पानी नहीं दिया तो यहां के लोग मजीप्रा का बिल भरना बंद कर देंगे. मोर्चे में आई महिलाओं ने अधिकारियों पर आरोप लगाया कि उनका नियोजन सही नहीं होने से उन्हें 5 से 6 दिन में एक बार एक घंटा पानी मिल रहा है. अधिकारियों ने हमेशा की तरह वादा किया है कि उन्हें रोजाना पानी देने के लिए वह प्रयत्न कर रहे हैं.

# 192 म्हाडा निवासियों की आवाज मानसून सत्र में गूंजी

■ **विधायक किणीकर ने अधिवेशन में उठाया मुद्दा**

■ **रहिवासियों को घर मिलने की उम्मीद बढ़ी**



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के विधायक डॉ. बालाजी किणीकर ने महाराष्ट्र हाउसिंग बोर्ड (MHB) की 6 इमारतों के 192 फ्लैटधारकों, जिनकों 14 वर्षों से बिल्डर द्वारा घर बनाकर ना देने के गंभीर मुद्दे को महाराष्ट्र विधानसभा के मानसून सत्र में पीड़ितों की आवाज बुलंद करने से अब इस 192 फ्लैटधारकों को न्याय मिलने में देरी नहीं लगेगी.

विदित हो कि पिछले दिनों नगरसेवक अब्दुल शेख ने इन फ्लैट धारकों को साथ में लेकर तहसीलदार कार्यालय पर मोर्चा निकाला था. इसका प्रभाव अब दिखाई देने लगा है. 14 वर्ष पूर्व बिल्डर ने इन फ्लैटधारकों के साथ जल्द इमारत का निर्माण करके उन्हें फ्लैट देने का करार किया था. बिल्डर ने पुरानी 6 बिल्डिंगें तो तोड़ दी लेकिन नई बिल्डिंगों का निर्माण नहीं किया. एक बिल्डिंग का निर्माण करके उसमें उनको फ्लैट तक नहीं दिया. पीड़ित रहिवासियों ने कई बार प्रशासन को मुख्य मंत्री, उप मुख्यमंत्री को लिखित में शिकायत की. अनशन पर बैठे लेकिन भागदौड़ करके उनकी चप्पलें घिस गई, लेकिन कहीं भी सुनवाई नहीं होने से आखिर उन्होंने नगरसेवक अब्दुल शेख का सहारा लिया क्योंकि शेख इसी परिसर से चुनकर नगरसेवक हुए हैं. उनके नेतृत्व में पिछले दिनों जोरदार बारिश में भीगते हुए तहसील कार्यालय पर मोर्चा निकाल कर तहसीलदार को ज्ञापन दिया गया. मोर्चे की आवाज अधिवेशन के मानसून सत्र में विधायक किणीकर के रूप में गूंजी और विधायक ने सभागृह के सामने इन पीड़ितों के दर्द को रखा, जो अब सुन ली गई है. अब इन फ्लैट धारकों की आशा पल्लवित हो गई है. उनको जल्द ही घर मिलने की उम्मीदें बढ़ गई है. विधायक ने बिल्डर, प्रशासन, म्हाडा व अन्य विभाग की जल्द बैठक लेने को कहा है, जिसके कारण अंबरनाथ के 192 रहिवासियों को जो 14 वर्ष से वनवास में हैं, उनका वनवास अब समाप्त होने के करीब हैं.

# महापौर व आयुक्त ने नालों की सफाई का जायजा लिया





**उल्हासनगर।** कुछ ही दिनों की बारिश ने शहर में मनपा प्रशासन के नाला सफाई की पोल खोल दी है। नाला सफाई का ठेका हर वर्ष एक ही ठेकेदार को दिया जाता है। वो हर वर्ष ठीक ढंग से सफाई न किए जाने से नाला परिसर क्षेत्रों में बाढ़ जैसी हालत हो जाती है। बावजूद उस ठेकेदार से मनपा प्रशासन कार्य नहीं ले पाती है। स्थायी समिति में भी उसे बिलों को रोका नहीं जाता उसे तुरंत पास किया जाता है।

कई दिनों से बारिश बंद है लेकिन नाला सफाई अभी भी अधूरी ही नजर आ रही है। ऐसे में मानसून के दौरान शहर में पानी जमा होने से रोकने और लोगों को किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए महापौर अश्विनी कमलेश निकम और आयुक्त मनीषा आव्हाले ने उल्हासनगर शहर के बड़े नालों का जायजा लिया चल रहे सफाई और गाद हटाने के काम का जायजा लिया। इस मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे नालों में पानी का बहाव ठीक रखें और जहां भी ज़रूरी हो सफाई और मरम्मत का काम तुरंत पूरा करें।

## कचरा संकलन करने वाले ठेकेदार पर भ्रष्टाचार का आरोप

■ **करोड़ों का गैर व्यवहार**

■ **ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डालने की मांग**

**अंबरनाथ.** अंबरनाथ शहर के कचरा संकलन करने वाले ठेकेदार समीक्षा इंफ्रा कंपनी पर भाजपा गट नेता नगरसेवक अभिजीत करंजुले एवं नगरसेवक पवन वालेकर ने ये आरोप लगाया है कि शहर में कचरा एकत्रित करने के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है. उन्होंने रंगे हाथों कई कचरा वाहनों को निजी वजन करने वाले काटे पर पकड़ कर पत्रकारों को बताया कि इन वाहनों में कचरे के साथ नाले से निकाला गया गीला कचरा डालकर वजन को बढ़ा कर इनका वजन करके नगरपरिषद से ज्यादा का बिल वसूल करके भ्रष्टाचार किया जा रहा है. संबंधित कंपनी को ब्लैक लिस्ट में डालकर ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है.


ठेकेदार को करोड़ों का ठेका देने के बाद भी शहर में जगह-जगह कचरे का ढेर दिखाई दे रहा है. ऐसा आरोप अभिजीत करंजुले एवं पवन वालेकर ने लगाया है. उन्होंने पत्रकारों को बताया कि ठेकेदार कई महिनों से चालाकी कर रहा है कि डम्पर और ट्रक में घरेलू कचरा डालकर इसमें नाले की गंदगी, कचरा, मिट्टी, पत्थर डालकर वजन काटे वाले से मिलभगत करके वाहनों का वजन बढ़ाकर अधिक राशिक के बिल वसूल करता है. बदलापुर शहर में प्रतिदिन 100 टन कचरा संकलन किया जाता है, लेकिन अंबरनाथ कचरे का ठेकेदार वजन बढ़ाकर 170 टन कचरे का बिल वसूल करके जनता के पैसों को लूट रहा है. नगरपरिषद ने स्वतः का वजन काटा लगाने के लिए 15 लाख रुपए पारित किए हैं पर नपा के स्वतः का वजन काटा नहीं लगाते हुए बाहरी वजन काटे से ज्यादा वजन बताकर नपा से पैसे वसूल किए जा रहे हैं.

नगराध्यक्षा तेजश्री करंजुले ने भी इस भ्रष्टाचार के बारे में जवाब तलब करने का निर्णय लिया है. इस भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के बाद मुख्याधिकारी क्या एक्शन लेते हैं. इस पर जनता की नजर लगी हुई है. भाजपा नगरसेवक पवन वालेकर, सचिन गुंजाल, महेश फुलोरे, सुनिल वाघे, स्वाति पाटिल, बबलू सिंग, आतिश पाटिल आदि ने ठेकेदार पर कार्रवाई करने की मांग की है.




# मनपा का सर्वसुविधायुक्त स्टडी रूम स्टूडेंट्स के लिए खुला

■ **जल्द स्टडी रूम स्टूडेंट्स के लिए पूरी तरह से चालू हो जाएगा**





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर मनपा स्कूल नंबर 17 इलाके में स्टूडेंट्स के लिए बना सर्वसुविधायुक्त स्टडी रूम कई महीनों से नहीं खुलने पर भाजपा की नगरसेविका सुरेखा हनुमंत आव्हाड और शोभाताई दिनकर जाधव ने धरना और भूख हड़ताल शुरू कर दी। विरोध का तुरंत असर देखने को मिला है और मनपा प्रशासन ने आखिरकार स्टूडेंट्स के लिए स्टडी रूम खोल दिया है। उल्हासनगर मनपा शिक्षण विभाग की तरफ से नगरसेविका शोभाताई जाधव को एक लेटर दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि स्टडी रूम 7 दिनों में स्टूडेंट्स के लिए पूरी तरह से चालू हो जाएगा।

उल्हासनगर में कैंप नंबर 3, सी. ब्लॉक, पैनल नंबर 4 में म्युनिसिपल स्कूल नंबर 17 के पास स्टूडेंट्स की पढ़ाई की सुविधा के लिए मॉडर्न सुविधाओं वाला एक स्टडी रूम बनाया गया था। लेकिन, इलाके के लोगों और स्टूडेंट्स में नाराज़गी थी क्योंकि बिल्डिंग बनने के बाद भी स्टूडेंट्स को इसका फ़ायदा नहीं मिल रहा था। इसी को लेकर, कॉर्पोरेटर सुरेखा आव्हाड और शोभाताई जाधव ने मनपा प्रशासन से स्टडी सेंटर तुरंत शुरू करने की मांग की थी। मांग नहीं माने जाने पर भूख हड़ताल और धरने की चेतावनी दी गई थी। इसी के तहत गुरुवार को जैसे ही विरोध शुरू हुआ, मनपा प्रशासन ने तुरंत स्टडी सेंटर का काम शुरू कर दिया।

BJP के पूर्व ज़िला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने कहा कि आज से स्टूडेंट्स स्टडी सेंटर में बैठकर पढ़ाई कर सकते हैं। साथ ही, इंटरनेट समेत दूसरी ज़रूरी सुविधाएँ देने का काम शुरू कर दिया गया है और अगले मंगलवार तक सभी ज़रूरी सुविधाएँ पूरी कर ली जाएँगी और स्टडी सेंटर स्टूडेंट्स के लिए पूरी तरह से चालू हो जाएगा।

विरोध के दौरान, कॉर्पोरेटरों ने स्टडी सेंटर में इंटरनेट, किताबें, ज़रूरी पढ़ाई का सामान और दूसरी ज़रूरी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। साथ ही, बिल्डिंग में नमी (सीलिंग) होने पर तुरंत कदम उठाने की भी मांग की गई। आंदोलनकारियों ने मांग की कि स्टूडेंट्स के फायदे के लिए इन सभी समस्याओं का तुरंत हल किया जाए। इस बीच, विरोध के दौरान कुछ मुद्दों पर BJP के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी और मनपा कर्मचारी राजेश घनघाव के बीच कहासुनी भी हुई। हालांकि, आंदोलन तेज होने से पहले पढ़ाई शुरू करने के प्रशासन के फैसले का प्रदर्शनकारियों ने स्वागत किया।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी, "पढ़ाई शुरू होने तक आंदोलन जारी रहेगा।" प्रशासन के तुरंत लिए गए इस पॉजिटिव फैसले से स्टूडेंट्स को बड़ी राहत मिली है और इलाके के स्टूडेंट्स और पेरेंट्स ने खुशी जताई है। उस समय BJP जिला अध्यक्ष राजेश वढारिया भी मौजूद थे। इस आंदोलन में प्रियंका गौतम जाधव, आशाताई कदम, शिवानी सिंह, नंदा सिंथल, हनुमंत कचरे, विजय जाधव, प्रमोद पानपाटिल, मनोहर बहुनवाल, हरिहर तिड़के, मुकेश चौथमल, संतोष चौधरी, नीलेश अमनानी, हर्ष बहुनवाल, गौरव पठारे समेत बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और स्टूडेंट्स शामिल हुए।

जैसे पके हुए फलों को गिरने के सिवा कोई भय नहीं वैसे ही पैदा हुए मनुष्य को मृत्यु के सिवा कोई भय नहीं. – वाल्मीकि

उल्हास विकास
संपादकीय

## फिर ढह गई इमारत

किसी एक हादसे के बाद का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे तमाम इंतजामों को लेकर हर स्तर पर सतर्कता बरती जाए, जिससे भविष्य में वैसी स्थितियों से बचा जा सके। दिल्ली के साकेत इलाके में हाल ही में एक इमारत गिरने और उसमें कई लोगों के मारे जाने की त्रासदी सामने आई थी। मगर उसके बाद भी संबंधित महकमों को नींद से जागना जरूरी नहीं लगा। नतीजतन, दिल्ली के ही रोहिणी इलाके में बुधवार को भारी बारिश के दौरान एक चारमंजिला इमारत ढह गई, जिसमें कम से कम तीन लोगों की जान चली गई। सवाल है कि ऐसा किसकी लापरवाही से हुआ और इसके लिए कौन जिम्मेदार है। गौरतलब है कि हादसे से पहले इमारत लगभग बन चुकी थी और अंतिम दौर में जल आपूर्ति और अपशिष्ट निकासी के लिए पाइप लगाने का काम चल रहा था। ऐसे में इमारत गिरने की आखिर क्या वजह हो सकती है? अगर इस इमारत का नक्शा 'सरल योजना' के तहत मंजूर किया गया था, तो क्या यह सुरक्षा मानकों पर खरा था? इसकी पहले से जांच होती, तो शायद हादसा टल सकता था।

यह बेवजह नहीं है कि सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को देश भर में गैरकानूनी या असुरक्षित इमारतों और बुनियादी ढांचे से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए दिल्ली, गुरुग्राम, पटना और तमिलनाडु के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। अदालत ने उन जर्जर इमारतों को गिराने या खाली कराने के लिए की गई कार्रवाई के संदर्भ में स्थिति का ब्योरा मांगा है, जिनसे आपदा का खतरा हो सकता है।

दरअसल, वर्षों से आवास निर्माण संबंधी नियमों की अनदेखी होती आई है। यही वजह है कि अनियोजित तरीके से शहर बसते चले गए। पुणे में तो कचरे के पहाड़ के पास इमारत खड़ी कर ली गई। नतीजा यह कि बुधवार को बारिश के बाद कचरे के भारी दबाव की वजह से इमारत गिर गई। दिल्ली में जिस तरह से अनियोजित निर्माणों को बढ़ावा मिला है, उसी का परिणाम है कि आए दिन इमारतें गिरती हैं।

सवाल है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए जवाबदेही क्यों नहीं तय की जा रही है। गैर-अधिसूचित क्षेत्रों और अनधिकृत कॉलोनियों में प्रायः भवन उपनियमों का उल्लंघन कर कई मंजिला इमारतें बनाई जाती हैं, तो इसे क्यों नहीं रोका जाता।

विमर्श

# अस्वीकार्य है आतंकियों का महिमामंडन

कुख्यात कम्युनिस्ट तानाशाह जोसेफ स्टालिन ने एक साक्षात्कार में कहा था कि शिक्षा एक ऐसा हथियार है, जिसका असर इस पर निर्भर करता है कि इसे कौन थामे हुए है और इसका निशाना किस पर है? स्टालिन के ही वैचारिक पूर्वज व्लादिमीर लेनिन कहते थे 'मुझे बच्चों को सिखाने के लिए चार साल दीजिए और मैंने जो बीज बोया है, वह कभी उखाड़ा नहीं जा सकेगा।' ऐसे कथन जिस खतरनाक चीज की ओर इशारा करते हैं, उसका दंश अपना देश सैकड़ों वर्षों से झेल रहा है। शिक्षा के जरिये ऐसा नैरेटिव बनाया गया जो देश-समाज को विध्वंस के रास्ते पर ले जाता रहा। ऐसी भयानक साजिश का ताजा उदाहरण है जम्मू-कश्मीर में चयनित पुस्तकों में ऐसी सामग्री का समावेश, जो युवाओं को गुमराह कर अलगाववाद की ओर धकेलने, आतंकवाद को बढ़ावा देने, सामाजिक अशांति फैलाने तथा भारत की संप्रभुता- अखंडता को खतरे में डालने वाला है।

यह मामला केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित 'समग्र शिक्षा योजना' के तहत सरकारी स्कूलों के पुस्तकालयों के लिए चयनित पुस्तकों से जुड़ा है, जिसकी सामग्री अलगाववाद, आतंकवाद और भारत विरोधी सोच को बढ़ावा देने वाली है। विवाद के केंद्र में 'पर्सनैलिटीज एंड लीजेंड्स आफ जेएंडके' और 'ग्रेट पर्सनैलिटीज आफ जम्मू एंड कश्मीर' नाम की दो पुस्तकें हैं। ओबेराय बुक्स सर्विस द्वारा प्रकाशित इन पुस्तकों में आतंकी मकबूल भट्ट, अलगाववादी सैयद अली शाह गिलानी, शबीर अहमद शाह,




मसरत आलम, मीरवाइज उमर फारूक और मौलवी फारूक जैसे देश विरोधी तत्वों को जम्मू-कश्मीर के महापुरुषों के रूप में चित्रित किया गया है।

जबकि भारत को खतरनाक तरीके से नकरात्मक रूप में चित्रित किया गया है। कुख्यात आतंकवादी मकबूल भट्ट को जहां 'महान क्रांतिकारी' बताया गया, वहीं जम्मू-कश्मीर पर भारत की संप्रभुता को चुनौती देने और उसके पाकिस्तान में विलय की पैरवी करने वालों का महिमामंडन किया गया है। यहां तक कि हाफिज सईद जैसे दुर्दांत अंतरराष्ट्रीय आतंकी को भी प्रशंसा मिली है। यहां तक कि भारत को 'एक कब्जा जमाने वाला एवं दमनकारी राज्य' कहा गया है। जबकि वास्तविकता एकदम उलट है कि पाकिस्तान ने ही जम्मू-कश्मीर के एक हिस्से पर न केवल अवैध कब्जा किया हुआ है, बल्कि इस गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों का ऐसा दमन जारी रखा हुआ है कि वहां के लोग सहायता के लिए भारत की ओर निहार रहे हैं।

यह अच्छा है कि विवाद सामने आते ही जम्मू-कश्मीर सरकार ने तत्काल प्रभाव से दोनों पुस्तकों को वापस लेने का आदेश दे दिया है। आठ अधिकारियों का निलंबन और दोनों पुस्तकों के लेखकों व प्रकाशकों को ब्लैकलिस्ट कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए एक उच्चस्तरीय जांच शुरू की गई है, लेकिन घटनाक्रम ने कई सवाल भी खड़े कर दिए हैं। एक तो यही कि विशेषज्ञों की समिति के कौन से सदस्य हैं, जिन्होंने ऐसी पुस्तकों की खरीद के लिए सिफारिश की? यह भी कि पुस्तकों की स्वीकृति के लिए विशेषज्ञों की समिति का गठन किसने और किस आधार पर किया? इन सबके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। याद रहे कि ये पुस्तकें, स्कूल के पुस्तकालयों तक दुर्घटनावश या किसी गलत खरीद के कारण नहीं पहुंची थीं। इसे एक आधिकारिक प्रक्रिया के माध्यम से विशेषज्ञ समिति की सुनियोजित सिफारिश पर खरीदा गया। क्या यह भी चिंतनीय नहीं कि भारत सरकार की ही एक शिक्षा योजना का जम्मू-कश्मीर सरकार के निर्देश पर ऐसी किताबों पढ़ाने के लिए उपयोग किया जा रहा है, जो एक तरफ आतंकवादी और अलगाववादियों का महिमामंडन करती है तो दूसरी तरफ भारतीय राजसत्ता को नकारात्मक रूप से चित्रित करते हुए हमारी संप्रभुता और अखंडता को खतरे में डालने का काम करती है।

इस मामले में पुस्तक के लेखकों और प्रकाशकों को ब्लैकलिस्ट कर देना ही काफी नहीं है। उनके खिलाफ राष्ट्र-विरोधी लेखन प्रचारित करने के लिए मामले दर्ज किए जाने चाहिए, जो खुले तौर पर आतंकवाद और अलगाववाद का महिमामंडन करते हैं। यह भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा है।




प्रेम की ताकत से आध्यात्मिक अभ्यासों को तेजी मिलती है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# भारत-ऑस्ट्रेलिया साझेदारी का नया अध्याय

वैश्विक स्तर पर तेजी से बदलती भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बीच अलग-अलग देशों में आपसी सहयोग के लिए जिस स्तर पर नए समीकरण बन रहे हैं, उससे साफ है कि अब पुराने ध्रुवों के विकल्प तैयार हो रहे हैं और विकसित तथा सक्षम देशों को भी अपने बेहतर भविष्य का रास्ता तैयार करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में देखें, तो भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच गुरुवार को जिस स्तर पर सहयोग और साझेदारी की घोषणा हुई, वह मौजूदा दौर की जरूरतों के मद्देनजर एक महत्त्वपूर्ण पहल है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय के दौरान मुक्त व्यापार के क्षेत्र में भारत ने कई देशों के साथ समझौते किए हैं, जिसके तहत देश की अर्थव्यवस्था के विस्तार के लिए नई संभावनाएं तैयार करने की कोशिश की गई है। इसी क्रम में अब भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रक्षा और सुरक्षा सहयोग को नई मजबूती देने जैसे कई अहम मुद्दों पर सहमति बनी है।

साथ ही परमाणु ऊर्जा, समुद्री सुरक्षा, साइबर तकनीक, अंतरिक्ष और व्यापार के क्षेत्र में सहयोग का दायरा बढ़ाने का खाका भी पेश किया गया। इसके अलावा आतंकवाद के खिलाफ साझा लड़ाई, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने तथा अन्य मोर्चों पर जारी तनावों के हल के लिए संवाद और कूटनीतिक प्रयास जारी रखने पर भी




सहमति बनी।

जाहिर है, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच साझेदारी के सफर के विस्तार की जो पहल हुई है, उसका आधार अगले कुछ दशकों में वैश्विक स्तर पर आर्थिक और कूटनीतिक स्तर पर बदलते ध्रुव और उसी मुताबिक तैयार होते समीकरण हैं, जिनमें सहयोग के नए आयाम तैयार हो रहे हैं। हालांकि ऑस्ट्रेलिया के साथ भारत का पहले से ही साझेदारी का लंबा सफर रहा है, लेकिन ताजा समझौतों में परमाणु ऊर्जा और दुर्लभ खनिजों के मामले में सहयोग के जिस मोर्चे पर ठोस समझदारी बनी है, वह आने वाले वक्त में बेहद अहम साबित हो सकती है।

ऑस्ट्रेलिया के पास दुनिया भर के यूरेनियम संसाधनों का एक बड़ा हिस्सा है, मगर कुछ कानूनी और तकनीकी अड़चनों की वजह से भारत को अब तक इसका लाभ नहीं मिल सका। अब ताजा समझौते के बाद भारत को अपनी परमाणु ऊर्जा संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए ईंधन का एक अहम स्रोत मिल सकेगा।

हालांकि मौजूदा दौर में विश्व जिस स्तर के तनावों से गुजर रहा है, उसमें यूरेनियम के उपयोग को लेकर आशंकाएं स्वाभाविक हैं। मगर इस मसले पर दोनों देशों ने यह साफ किया है कि सिर्फ शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए दीर्घकालिक यूरेनियम निर्यात की अनुमति होगी और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के तय सुरक्षा प्रावधानों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। साथ ही दोनों देश खनिज गलियारे को विकसित करने के क्षेत्र में भी साझेदारी करेंगे, जिससे चीन पर निर्भरता कम होगी।

समुद्री सुरक्षा सहयोग के मसले पर हुए समझौते के बाद यह भी उम्मीद की जा रही है कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, स्थिरता, नौवहन की स्वतंत्रता और नियम-आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए साझा प्रयासों को नई रफ्तार मिलेगी और इस क्षेत्र में चीन के बढ़ते दबदबे के बरक्स संतुलन का एक मोर्चा खड़ा किया जा सकेगा। जाहिर है, दोनों देशों के बीच संबंधों में विविधता लाने पर जोर देने के प्रयासों के तहत सहमति बनी है।

मगर यह भी ध्यान रखने की जरूरत होगी कि इसका मूल आधार एक-दूसरे की जरूरतों के लिए समानता पर आधारित आर्थिक सहयोग हो और यह भारतीय हितों को सुनिश्चित करने वाला हो।


# 30 सेकंड में की 195 किस, बना डाला नया वर्ल्ड रिकॉर्ड!

ब्राजील के एक कपल ने अपने रिश्ते को एक अनोखी उपलब्धि में बदल दिया. दोनों ने ऐसा कारनामा किया कि

**जरा हट के**

उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया. ब्राजील के रहने वाले 32 वर्षीय रेनाटो वायमा गैया और उनकी 33 वर्षीय पार्टनर नैरा रोबर्टा रिबेरो ने महज 30 सेकंड के भीतर 195 बार किस कर नया रिकॉर्ड अपने नाम किया. इतनी तेज रफ्तार से किए गए इस प्रयास ने लोगों को हैरान कर दिया. रिकॉर्ड के दौरान दोनों का तालमेल और गति देखने लायक थी, जिसके चलते वे इस उपलब्धि को हासिल करने में सफल रहे.

रिकॉर्ड बनने के बाद रेनाटो ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके रिश्ते की मजबूत समझ और बेहतरीन तालमेल को दर्शाती है. उनका मानना है कि इसी वजह से वे खुद को दुनिया के सबसे बेहतरीन कपल्स में से एक मानते हैं. सोशल मीडिया पर भी उनकी



इस उपलब्धि को लेकर खूब चर्चा हो रही है और लोग अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं. हालांकि, यह रेनाटो का पहला विश्व रिकॉर्ड नहीं है. इससे पहले भी वह कई अनोखे रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं. उन्होंने बेहद कम समय में 10 किताबों को व्यवस्थित कर गिराने का रिकॉर्ड बनाया था. इसके अलावा उनके नाम पैरों को असाधारण कोण तक मोड़ने का भी विश्व रिकॉर्ड दर्ज है. यही वजह है कि रिकॉर्ड बनाना अब उनके लिए किसी जुनून से कम नहीं माना जा रहा है.

### अगला निशाना अब 1 मिनट रिकॉर्ड का है!

इतना बड़ा रिकॉर्ड बनाने के बाद भी इस कपल का सफर यहीं खत्म नहीं हुआ है. अब दोनों की नजर अगले बड़े लक्ष्य पर है. वे 60 सेकंड में सबसे अधिक बार किस करने का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करना चाहते हैं. फिलहाल यह उपलब्धि जापान के एक कपल के नाम दर्ज है, जिन्होंने एक मिनट में 277 बार किस कर रिकॉर्ड बनाया था.

ब्राजीलियाई जोड़े का कहना है कि वे इस चुनौती के लिए तैयारी कर रहे हैं और भविष्य में नया रिकॉर्ड बनाने की पूरी कोशिश करेंगे.




# बिहार की मशहूर मकुटी

**सामग्री:**

- मूंग दाल- 1/2 कप
- चावल- 2 बड़े चम्मच
- फुल क्रीम दूध- 1.5 लीटर
- चीनी- 1 कप या स्वादानुसार
- खोया- 1/2 कप
- घी- 2 बड़े चम्मच
- हरी इलायची पाउडर- 1 छोटा चम्मच
- केसर के धागे- 10-12
- ड्राई फ्रूट्स- 2 बड़े चम्मच

**विधि:**

सबसे पहले मूंग दाल और चावल को अच्छी तरह धो लें और अलग-अलग बर्तनों में लगभग 1 से 2 घंटे के लिए भिगोकर रख दें। पानी छानने के बाद चावल को दरदरा पीस लें और एक बर्तन में रख लें।

अब एक पैन में एक चम्मच घी गर्म करें और उसमें भीगी हुई मूंग की दाल डालकर मध्यम आंच पर भूनें। इसे तबतक भूनना है, जब तक इसमें से सोंधी खुशबू न आने लगे।

अब भुनी हुई दाल में थोड़ा पानी डालकर उसे कुकर में दो सीटी आने



तक पका लें, ताकि दाल पूरी तरह नरम हो जाए।

जब दाल पक जाए, तो इसे ठंडा होने दें और फिर मिक्सी में पीसकर एक स्मूथ पेस्ट बना लें।

अब एक भारी तले वाली कड़ाही में 1.5 लीटर फुल क्रीम दूध डालें और इसे उबलने दें। जब दूध में उबाल आ जाए, तो आंच को धीमा कर दें और इसे तब तक पकाएं जब तक कि यह अपनी मात्रा का तीन-चौथाई न रह जाए।

गाढ़े हो चुके दूध में दरदरा पिसा हुआ चावल और मूंग दाल का पेस्ट डालें। इस समय आंच को बिल्कुल धीमा रखें और लगातार चलाते रहें ताकि गांठ न बनें। इसे धीमी आंच पर 15-20 मिनट तक पकने दें, जिससे चावल और दाल दूध के साथ पूरी तरह मिल जाएं और मकुटी गाढ़ी होने लगे।

जब मिश्रण गाढ़ा हो जाए, तो इसमें कद्दूकस किया खोया, चीनी और केसर वाला दूध मिला दें। चीनी घुलने तक इसे 5-7 मिनट और पकाएं। लास्ट में इलायची पाउडर और थोड़े कटे हुए मेवे डालकर अच्छी तरह मिलाएं और गैस बंद कर दें। इसे आप गरमा-गरम भी खा सकते हैं, लेकिन इसका असली स्वाद ठंडा होने पर आता है।

# ग्लोइंग स्किन के लिए घर पर बनाएं ये नेचुरल टोनर

खूबसूरत और ग्लोइंग स्किन हर किसी की चाहत होती है, लेकिन महंगे स्किन केयर प्रॉडक्ट्स में मौजूद केमिकल्स कई बार त्वचा को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। ऐसे में अगर आप नेचुरल, सेफ और असरदार तरीका अपनाना चाहती हैं, तो घर पर बने फेस टोनर एक बेहतरीन विकल्प हैं। टोनर स्किन के पोर्स को टाइट करता है, ऑयल बैलेंस करता है, डलनेस दूर करता है और स्किन को फ्रेश फील देता है। खास बात यह है कि DIY टोनर हमारी किचन में मौजूद चीजों से आसानी से तैयार हो जाते हैं। आइए जानते हैं ग्लोइंग स्किन के लिए कुछ बेहद आसान होममेड फेस टोनर के बारे में...

### ग्लोइंग स्किन के लिए DIY टोनर

### गुलाब जल टोनर

गुलाब जल स्किन को ठंडक देता है और नेचुरल ग्लो लाने में मदद करता है। यह स्किन के पीएच लेवल को बैलेंस करता है और रेडनेस कम करता है। एक साफ स्प्रे बोतल में शुद्ध गुलाब जल भर लें और दिन में दो बार चेहरे पर स्प्रे करें या कॉटन से लगाएं। यह सभी स्किन टाइप के लिए अच्छा है।

### खीरे का रस टोनर

खीरा हाइड्रेशन और कूलिंग के लिए जाना जाता है। यह सनटैन, पफीनेस और ओपन पोर्स को कम करने में मदद करता है। ताजे खीरे को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और कॉटन पैड से चेहरे पर लगाएं। 10-15 मिनट बाद हल्के पानी से वॉश करें। नियमित इस्तेमाल से स्किन फ्रेश और ग्लोइंग बनती है।




### एलोवेरा टोनर

एलोवेरा में एंटीबैक्टीरियल और मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं। यह पिंपल्स कम करता है और स्किन को सॉफ्ट बनाता है। दो चम्मच एलोवेरा जेल में बराबर मात्रा में गुलाब जल मिलाएं और चेहरे पर लगाएं। यह ड्राई और सेंसिटिव स्किन के लिए भी सुरक्षित है।

### ग्रीन टी टोनर

ग्रीन टी एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती है, जो एजिंग के संकेतों को कम करती है और स्किन को क्लियर बनाती है। एक कप ग्रीन टी बनाकर ठंडी होने दें, फिर इसे बोतल में भरकर फ्रिज में रखें। रोज कॉटन से चेहरे पर लगाएं। यह ऑयली और एक्ने स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है।

### चावल के पानी का टोनर

चावल का पानी त्वचा को ब्राइट बनाने और पोर्स को टाइट करने में मदद करता है।

चावल धोने के बाद बचा हुआ पानी छानकर फ्रिज में स्टोर करें और डेली चेहरे पर लगाएं। इससे स्किन स्मूद और नेचुरली ग्लोइंग दिखती है।

### एप्पल विनेगर टोनर

एप्पल साइडर विनेगर स्किन के ऑयल को कंट्रोल करता है और एक्ने बैक्टीरिया को खत्म करता है। एक भाग सिरका और तीन भाग पानी मिलाकर टोनर बनाएं। कॉटन से हल्के हाथों से लगाएं। सेंसिटिव स्किन वाले पहले पैच टेस्ट जरूर करें।

## आज का राशिफल

**मेष** : सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। आय में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में सुख-शांति रहेगी। जल्दबाजी न करें। पुराना रोग उभर सकता है। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है।

**वृषभ** : व्यवसाय में ध्यान देना पड़ेगा। व्यर्थ समय न गंवाएं। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। जल्दबाजी से हानि संभव है। थकान रहेगी। कुसंगति से बचें। निवेश शुभ रहेगा। पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** : घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। शत्रुभय रहेगा।

**कर्क** : कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति निर्मित होगी। प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। व्यापार में लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। शत्रु पस्त होंगे। विवाद में न पड़ें। अपेक्षाकृत कार्य समय पर होंगे। प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यस्तता रहेगी। प्रमाद न करें।

**सिंह** : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। स्थायी संपत्ति से बड़ा लाभ हो सकता है। समय पर कर्ज चुका पाएंगे। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न तथा संतुष्ट रहेंगे। निवेश शुभ फल देगा। घर-परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी, ध्यान रखें।

**कन्या** : पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। समय की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। अपने काम पर ध्यान दें। लाभ होगा।

**तुला** : दूर से बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। बेवजह तनाव रहेगा। किसी व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। फालतू बातों पर ध्यान न दें। मेहनत अधिक व लाभ कम होगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। शत्रुओं की पराजय होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** : कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चिंता बनी रहेगी। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि होगी। निवेश लाभदायक रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में मनोनुकूल लाभ होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। निवेश शुभ रहेगा। व्यस्तता रहेगी।

**धनु** : उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। बड़ा काम करने का मन बनेगा। झंझटों से दूर रहें। कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। फालतू खर्च होगा। व्यापार मनोनुकूल लाभ देगा। जोखिम बिलकुल न लें।

**मकर** : नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति संभव है। यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबारी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। निवेश में सोच-समझकर हाथ डालें। आशंका-कुशंका रहेगी। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कुंभ** : फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। बजट बिगड़ेगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्तियों पर अंधविश्वास न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। आय होगी। संतुष्टि नहीं होगी।

**मीन** : यात्रा लाभदायक रहेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। शेयर मार्केट से बड़ा लाभ हो सकता है। संचित कोष में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। कारोबारी सौदे बड़े हो सकते हैं। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य प्रभावित होगा, सावधानी रखें।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# एल्यूमिनियम फॉइल का एक साइड ज्यादा शाइनी क्यों?

### जानें इस्तेमाल का सही तरीका

आपने शायद ध्यान दिया होगा कि एल्युमिनियम फॉयल का एक हिस्सा चमकदार होता है, जबकि दूसरा हिस्सा थोड़ा फीका या मैट दिखाई देता है. ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर खाने को फॉयल में लपेटते समय कौन-सा हिस्सा अंदर और कौन-सा बाहर रखना चाहिए. कुछ लोगों का मानना है कि चमकदार हिस्सा गर्मी को बेहतर तरीके से संभालता है, जबकि दूसरे लोग इसे सिर्फ दिखावट का अंतर मानते हैं.

### क्यों होता है एक हिस्सा चमकदार?

विशेषज्ञों के अनुसार, एल्युमिनियम फॉयल बड़े एल्युमिनियम ब्लॉक्स से तैयार की जाती है. इसे बहुत पतली शीट बनाने के लिए रोलर्स के बीच से कई बार गुजारा जाता है. इस प्रक्रिया में दो फॉयल शीट्स को एक साथ रोल किया जाता है ताकि वे फटें नहीं. जो हिस्सा स्टील रोलर्स के सीधे संपर्क में आता है, वह




चमकदार हो जाता है, जबकि दूसरा हिस्सा दूसरी फॉयल शीट से सटा रहता है और थोड़ा फीका दिखाई देता है.

### क्या सही साइड चुनना जरूरी है?

सामान्य फॉयल के मामले में विशेषज्ञों का कहना है कि इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ता कि चमकदार हिस्सा खाने की तरफ है या बाहर की तरफ। दोनों साइड लगभग एक जैसा काम करती हैं। हालांकि, अगर आप नॉन-स्टिक एल्युमिनियम फॉयल का उपयोग कर रहे हैं, तो उसका नॉन-स्टिक हिस्सा खाने की तरफ रखना चाहिए ताकि खाना आसानी से निकल सके।

### खाना पकाने में कितना फर्क पड़ता है?

कुछ लोग मानते हैं कि चमकदार हिस्सा गर्मी को बेहतर तरीके से परावर्तित करता है, लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि इसका असर बहुत मामूली होता है और सामान्य कुकिंग में इससे कोई बड़ा अंतर नहीं पड़ता. कई बार रेस्तरां और फूड आउटलेट्स प्रजेंटेशन को बेहतर दिखाने के लिए चमकदार हिस्सा बाहर रखते हैं.

### एल्युमिनियम फॉयल इस्तेमाल करते समय सावधानियां

फॉयल का उपयोग करते समय कुछ जरूरी बातों का ध्यान रखना चाहिए. इसे माइक्रोवेव में नहीं रखना चाहिए, क्योंकि इससे चिंगारी निकल सकती है और आग लगने का खतरा बढ़ सकता है. इसके अलावा, नींबू, टमाटर या सिरके जैसे अधिक अम्लीय खाद्य पदार्थों को लंबे समय तक सीधे फॉयल में लपेटकर नहीं रखना चाहिए. अम्लीय तत्व एल्युमिनियम के साथ प्रतिक्रिया कर सकते हैं. साथ ही फटी या पहले से इस्तेमाल की गई फॉयल को दोबारा उपयोग करने से बचना चाहिए ताकि भोजन सुरक्षित और स्वच्छ बना रहे.

# ऐसे जानें किचन में रखी हल्दी असली है या नकली

आजकल बाजार में मिलावटी खाद्य पदार्थों की समस्या बढ़ती जा रही है और हल्दी भी इससे अछूती नहीं है. ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए कुछ लोग हल्दी में हानिकारक पदार्थ मिला देते हैं, जिससे उसकी गुणवत्ता प्रभावित होती है और सेहत को नुकसान पहुंच सकता है. इसलिए सिर्फ चमकदार रंग देखकर हल्दी खरीदना सही नहीं है. कुछ आसान घरेलू तरीकों की मदद से आप हल्दी की शुद्धता की जांच कर सकते हैं.



### कैसे करें असली हल्दी की पहचान

### पानी से करें जांच

हल्दी की शुद्धता जांचने का सबसे आसान तरीका पानी टेस्ट है. इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में एक चम्मच हल्दी पाउडर डालें. यदि हल्दी असली है, तो वह धीरे-धीरे नीचे बैठेगी और पानी का रंग हल्का पीला रहेगा. वहीं अगर हल्दी में मिलावट होगी, तो वह जल्दी नीचे जमा हो जाएगी और पानी का रंग ज्यादा गहरा पीला दिखाई दे सकता है.

### हाथों से रगड़कर पहचानें

थोड़ी सी हल्दी लेकर उसे हथेली या उंगलियों के बीच रगड़ें. शुद्ध हल्दी मुलायम और चिकनी महसूस होती है. यदि उसमें खुरदरापन या दानेदारपन महसूस हो, तो यह संकेत हो सकता है कि उसमें चॉक पाउडर या पीली मिट्टी जैसी चीजें मिलाई गई हैं.

### खतरनाक मिलावट की जांच

कुछ मामलों में हल्दी में 'मेटानिल येलो' नामक हानिकारक रसायन मिलाया जाता है. इसकी पहचान के लिए एक टेस्ट ट्यूब में थोड़ी हल्दी लेकर उसमें कुछ बूंदें हाइड्रोक्लोरिक एसिड डालें. यदि हल्दी का रंग गुलाबी, बैंगनी या मैजेंटा हो जाए, तो यह मिलावट का संकेत है. शुद्ध हल्दी में ऐसा कोई रंग नहीं होता.

उपरोक्त लेखों में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### पिता संग जा रही लड़की को कार से खींचकर पीटा, बैड टच किया; कपडे.फाड़ने की कोशिश

**गोरखपुर.** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में पिता को लेकर जा रही एक लड़की को कार से खींचकर पीटा गया। उसके साथ बदसलूकी और छेड़छाड़ की गई। घटना का एक वीडियो शनिवार को सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रहा है। मिली जानकारी के अनुसार गोरखपुर के रामगढ़ताल क्षेत्र की 24 साल की लड़की नौ जुलाई की शाम करीब 6:30 बजे अपने बीमार पिता को इलाज के लिए ग्रैंड विटारा कार से रेलवे हॉस्पिटल लेकर जा रही थी। रेलवे हॉस्पिटल के पास उसकी कार की एक बाइक से टक्कर हो गई। लड़की का आरोप है कि बाइक सवार अपनी गलती मानने के बजाय उस पर ही माफी मांगने का दबाव बनाने लगा। इनकार करने पर उसने अपने साथियों को बुला लिया, जो काली स्कॉर्पियो से मौके पर पहुंचे। लड़की के मुताबिक आरोपियों ने उसके बाल पकड़कर सड़क पर मारपीट की, लात-घूंसों से हमला किया, कपड़े फाड़ने की कोशिश की और गलत तरीके से छुआ। उसने बैड टच करने, दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। आरोपियों ने उसकी कार में भी तोड़फोड़ कर शीशा तोड़ दिया। इस दौरान कार में बैठे बीमार पिता बेबस होकर पूरी घटना देखते रहे, जबकि युवती राहगीरों से मदद की गुहार लगाती रही।

### सास बोली- पहले अपनी मां को मार दे तभी तेरे साथ भेजूंगी बेटी, बेटे ने सच में दे दिया जहर

**आगरा.** उत्तर प्रदेश के आगरा से एक हैरान और दुखी कर देने वाली खबर सामने आई है। यहां एक सास ने अपने दामाद के साथ बेटी को भेजने के लिए मां को मार डालने की शर्त रख दी। सास ने कहा कि पहले अपनी मां को मार दे तभी अपनी बेटी को तेरे साथ ससुराल भेजूंगी। हैरानी की बात ये है कि सास के ऐसा कहने पर बेटे ने सच में अपनी मां को सब्जी में जहर मिलाकर खिला दिया। जहर की वजह से मां की हालत बिगड़ गई। परिवारवालों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। उधर पिता ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। मां की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना आगरा थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के एक गांव की है। मिली जानकारी के अनुसार इस गांव के रहने वाले रनवीर ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया कि बृहस्पतिवार को उसके बेटे ने छोले की सब्जी में जहर मिलाकर अपनी मां को खिला दिया।

### पानी समझकर तेजाब पी लिया; ज्वेलर के यहां खरीरदारी करने पहुंची थी, तबियत बिगड़ी

**हापुड़.** यूपी के हापुड़ में हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जब एक युवती ने गलती से पानी समझकर तेजाब पी लिया। घटना कोतवाली क्षेत्र स्थित दिल्ली रोड के मोहल्ला अर्जुन नगर की है।यहां एक स्कूल शिक्षिका ने पानी समझकर गलती से तेजाब पी लिया, जिससे उनका गला बुरी तरह झुलस गया। गंभीर हालत में उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने मेरठ के एक अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी रिया एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे वह मोहल्ले में स्थित सर्राफ की दुकान पर खरीदारी करने गई थीं। खरीदारी के दौरान उन्हें प्यास लगी तो उन्होंने दुकानदार से पानी मांगा। इस पर सर्राफ की दुकान से पड़ोस में स्थित कंफैक्शनरी की दुकान से पानी की बोतल मंगवाई गई। बताया गया कि रिया ने जैसे ही बोतल से पानी समझकर एक घूंट पिया, उनके गले में तेज जलन होने लगी। कुछ ही क्षणों में उनकी तबीयत बिगड़ गई और वह दर्द से तड़पने लगीं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। परिजन उन्हें तत्काल नगर के एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे।

# 2029 से लागू हो सकता है वन नेशन वन इलेक्शन

- संसदीय समिति के अध्यक्ष बोले- 99% लोग पक्ष में
- राज्यों के विशेषज्ञों से सलाह ले रहे



**नई दिल्ली.** संसद की संयुक्त समिति (JPC) कोशिश कर रही है कि 2029 के लोकसभा चुनावों तक 'वन नेशन वन इलेक्शन' लागू हो सके। समिति के अध्यक्ष पीपी चौधरी के मुताबिक, अब तक चर्चा में शामिल लगभग 99% नागरिक और संगठनों ने इसका समर्थन किया है।

समिति ने गोवा के मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों सहित कई राज्यों के विशेषज्ञों से इस पर सलाह ली है। गोवा दौरे पर गए समिति के सदस्य और भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि बार-बार चुनाव से छोटे राज्य गोवा पर इतना प्रभाव पड़ता है, तो बड़े राज्यों और पूरे देश पर इसका असर और भी ज्यादा होता होगा।

उन्होंने बताया कि समिति का अगला दौरा लखनऊ का होगा, जहां मुख्यमंत्री, विपक्ष के नेता, राजनीतिक दलों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों से चर्चा की जाएगी। JPC 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप देकर संसद में पेश करेगी।

वन नेशन, वन इलेक्शन पर सुरक्षित रास्ता भी तलाश रही सरकार

केंद्र सरकार वन नेशन वन इलेक्शन के लिए सुरक्षित रास्ता तलाश रही है। इसके लिए बनी जेपीसी से जुड़े सूत्रों के मुताबिक समिति 'टू-फेज ट्रांजिशन मॉडल' पर विचार कर रही है, जिससे राज्यों में बार-बार चुनाव कराने या विधानसभाओं के कार्यकाल में बहुत बड़ी कटौती करने की जरूरत न पड़े।

पूरे देश को एक साथ चुनावी चक्र में लाने के बजाय दो चरणों- 2029 और 2034 में बढ़ने का विकल्प सबसे व्यावहारिक माना जा रहा है। पहले चरण में 2029 के लोकसभा चुनाव के साथ करीब 20 राज्यों के विधानसभा चुनाव कराए जा सकते हैं।

संयुक्त संसदीय समिति (JPC) की अवधि 2026 के मानसून सत्र तक बढ़ाई जा चुकी है। ऐसे में 2029 से चुनावी चक्र एक करने की प्रक्रिया शुरू हो सकती है। वहीं, 2034 तक पूरे देश को साझा चुनावी चक्र में लाने का लक्ष्य है।

# वियतनाम में बोट पलटी, भारतीयों समेत 15 की मौत

**32 भारतीय सवार थे, इनमें ज्यादातर तेलंगाना के टूरिस्ट थे**



**नई दिल्ली.** वियतनाम के फु क्वोक द्वीप के पास शनिवार को भारतीय पर्यटकों को लेकर जा रही एक बोट समुद्र में पलट गई। स्थानीय मीडिया के मुताबिक हादसे में भारतीयों समेत 15 लोगों की मौत हो गई है। खोज-बचाव अभियान जारी है।

सोशल मीडिया पर दावा किया किया जा रहा है नाव पर 32 भारतीय टूरिस्ट सवार थे। इनमें ज्यादातर तेलंगाना के हैं।

### सुबह 10:30 बजे हुआ हादसा

रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। नाव भारतीय पर्यटकों को फु क्वोक के पास स्थित होन मे रुट न्गोआई द्वीप घुमाने ले जा रही थी। यह द्वीप अपने साफ समुद्र, छोटे बीच और कोरल रीफ डाइविंग के लिए मशहूर है। यहां पहुंचने के लिए पर्यटक आमतौर पर एन थोई बंदरगाह से नाव या स्पीडबोट किराये पर लेते हैं।

### हेल्पलाइन नंबर जारी, कंट्रोल रूम बनाया

- इंडियन एंबेसी ने बताया कि घटना के सही जानकारी जुटाई जा रही है। यहां यात्रियों की मदद के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इससे संपर्क करने के लिए हेल्पलाइन नंबर +84 36 281 7930, +84 91 552 37 14 और +84 33 452 0414 जारी किए गए हैं।
- भारतीय दूतावास ने कहा कि हम स्थानीय प्रशासन के संपर्क में हैं और भारतीय नागरिकों को हर संभव मदद दी जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ओशन पीयर आइलैंड कंपनी की स्पीडबोट हॉन में रट नाम की जगह से पर्यटकों को लेकर एन थॉई पोर्ट की ओर जा रही थी। फु क्वोक एयरपोर्ट से करीब 25 किलोमीटर दूर होन में रट एन्वाई नाम की जगह से करीब 400 मीटर दूर स्पीडबोट पलट गई। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि स्पीडबोट में सवार सभी लोग समंदर में गिर गए।

# INS महेंद्रगिरि नौसेना में शामिल

- स्वदेशी मिसाइल-सेंसर से लैस
- 75% से ज्यादा हिस्सा भारत में बना
- राजनाथ बोले- आंध्र प्रदेश बनेगा देश का ड्रोन हब



**विशाखापत्तनम.** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम नेवल डॉकयार्ड में INS महेंद्रगिरि को भारतीय नौसेना में शामिल (कमीशन) किया। महेंद्रगिरि प्रोजेक्ट-17A की नीलगिरि कैटेगरी का छठा स्टेल्थ फ्रिगेट (युद्धपोत) है। इसे बनाने में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

INS महेंद्रगिरि स्वदेशी अत्याधुनिक हथियारों, सेंसर और इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सिस्टम से लैस है। यह हवाई हमलों, दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों से एक साथ मुकाबला करने में सक्षम है। यह हिंद महासागर में भारत की समुद्री सुरक्षा को और मजबूत करेगा।

राजनाथ सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश के कुरनूल में आठ ड्रोन कंपनियों के समूह के साथ 'ड्रोन सिटी' विकसित की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिस तरह सूरत 'डायमंड सिटी' और बेंगलुरु 'सिलिकॉन वैली' के नाम से जाना जाता है, उसी तरह आने वाले समय में कुरनूल देश का ड्रोन हब बनेगा।

### 75% से ज्यादा स्वदेशी तकनीक

इसे भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने डिजाइन किया है और मुंबई स्थित मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (MDL) ने तैयार किया है। युद्धपोत में 75% से ज्यादा स्वदेशी उपकरण और तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसके निर्माण में देशभर की कई MSME कंपनियों ने भी योगदान दिया है, जिससे रक्षा उत्पादन को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला दल चीन पहुंचा

- लिपुलेख दर्रे पर चीनी सुरक्षा एजेंसियों ने दस्तावेज जांचे
- दूसरा जत्था गुंजी पहुंचा



करीब पांच साल बाद शुरू हुई कैलाश मानसरोवर यात्रा में शुक्रवार को पहला दल लिपुलेख दर्रा पार कर तिब्बत (चीन) पहुंच गया है। 52 सदस्यीय दल ने सुबह 9 बजे सीमा पार की, जहां चीनी सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रियों के दस्तावेजों की जांच के बाद उन्हें प्रवेश दिया।

पहला दल सुबह 7 बजे नाभीढांग से लिपुलेख दर्रे के लिए रवाना हुआ। दल में 48 श्रद्धालु, एक चिकित्सा कर्मी और तीन किचन स्टाफ शामिल थे। आईटीबीपी के जवान यात्रियों को सीमा तक लेकर पहुंचे। लिपुलेख दर्रे पर चीनी सुरक्षा एजेंसियों ने यात्रियों के दस्तावेजों की जांच की, जिसके बाद दल को चीनी प्रशासन की निगरानी में कैलाश मानसरोवर यात्रा के अगले चरण के लिए रवाना कर दिया गया। वहीं, तवाघाट-गुंजी सड़क कुछ समय बंद रहने से दूसरा दल देर से रवाना हुआ, लेकिन दोपहर तक सभी यात्री सुरक्षित गुंजी पहुंच गए।

### टनकपुर में CM धामी ने दिखाई थी हरी झंडी

कैलाश मानसरोवर यात्रा इस वर्ष करीब पांच साल बाद उत्तराखंड के टनकपुर-लिपुलेख मार्ग से फिर शुरू हुई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 5 जुलाई को टनकपुर से पहले दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस वर्ष लिपुलेख मार्ग से 10 दलों में कुल 500 श्रद्धालु यात्रा करेंगे।

### सड़क बंद होने से दूसरा दल डेढ़ घंटे रुका

यात्रा का दूसरा दल शुक्रवार को धारचूला से गुंजी के लिए निकला। तवाघाट-गुंजी सड़क पर भूस्खलन के कारण मार्ग कुछ समय के लिए बंद हो गया, जिससे यात्रियों को करीब डेढ़ घंटे इंतजार करना पड़ा। सड़क खुलने के बाद दल आगे बढ़ा और दोपहर तक सभी यात्री गुंजी पहुंच गए। प्रशासन और कुमाऊं मंडल विकास निगम (केएमवीएन) ने यात्रा मार्ग पर भोजन, आवास, स्वास्थ्य और सुरक्षा की व्यवस्थाएं बनाए रखीं। मौसम को देखते हुए यात्रियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर लगातार निगरानी की जा रही है।

# ट्रम्प बोले- ईरान पर 1000 मिसाइलें तान रखीं

- मुझे मारने की कोशिश की तो तबाह कर देंगे
- जवाबी कार्रवाई के आदेश दे चुका



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उनकी हत्या की कोशिश की तो अमेरिका ऐसा हमला करेगा, जैसा पहले कभी नहीं देखा होगा। ट्रूथ सोशल पर ट्रम्प ने लिखा कि ईरान की ओर 1000 मिसाइलें तैयार हैं और जरूरत पड़ने पर हजारों और मिसाइलें दागी जाएंगी।

ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने उन पर हमला किया तो ईरान को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि जवाबी कार्रवाई के आदेश पहले ही दिए जा चुके हैं और अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार है।

उधर, इजराइली मीडिया कान न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका ने इजराइल से अपने 12 F-22 स्टेल्थ फाइटर जेट वापस बुलाने शुरू कर दिए हैं। ये विमान फरवरी से इजराइल के ओवदा एयरबेस पर तैनात थे। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इन्हें ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के लिए भेजा गया था और इन्होंने हालिया हमलों में भी हिस्सा लिया था।

### ईरान बोला- इजराइल ने हमला किया तो नही बचेगा

ईरान की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल ने कहा कि अगर इजराइल ने उसके अहम ठिकानों पर फिर हमला किया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा। इससे पहले इजराइली पीएम नेतन्याहू ने हमले की चेतावनी दी थी।

### अमेरिका बोला- होर्मुज पर ईरान का कंट्रोल नहीं

अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान के उस दावे को खारिज कर दिया कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर उसका नियंत्रण है। CENTCOM ने कहा कि अब तक 800 से ज्यादा कारोबारी जहाजों और 38 करोड़ बैरल कच्चा तेल होर्मुज पार कर गया है।

# ATM को थार से बांधकर उखाड़ा

- घसीटने लगे तो रस्सी टूटी,
- 3 चोर मिलकर मशीन नहीं उठा पाए
- बिना कैश निकाले छोड़कर भागे




**बालासोर.** ओडिशा के बालासोर जिले के तुड़ीगड़िया बाजार में फिल्मी तरीके से ATM लूटने की घटना सामने आई है। तीन से चार बदमाश शुक्रवार रात करीब 2 बजे काले रंग की महिंद्रा थार SUV से इंडिया1 एटीएम कियोस्क आए। उन्होंने कियोस्क का दरवाजा तोड़ा और ATM को रस्सी से थार में बांधकर उखाड़ लिया।

फिर ATM को सड़क पर घसीटते हुए ले जाने लगे, लेकिन रस्सी टूट गई। चोरों ने मशीन को उठाकर गाड़ी में रखने की कोशिश की लेकिन मशीन इतनी भारी थी कि उनसे नहीं उठ पाई। इसके बाद उन्होंने मशीन को फिर गाड़ी से बांधकर आगे घसीटा।

सुनसान जगह पर पहुंचकर आरोपियों ने ATM को तोड़कर उसमें रखा कैश निकालने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। पुलिस के मुताबिक, ATM से एक भी रुपये की चोरी नहीं हुई। आखिरकार बदमाश क्षतिग्रस्त ATM को कियोस्क से करीब 300 मीटर दूर सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए। पूरी घटना CCTV में कैद हो गई।

# इंग्लैंड से टी-20 सीरीज हारने का परफॉर्मेंस रिव्यू करेगा BCCI




- गंभीर की कोचिंग, श्रेयस की कप्तानी पर सवाल
- भारत एक भी मैच नहीं जीता

इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज हारने के बाद BCCI भारतीय टीम के परफॉर्मेंस का रिव्यू करने जा रहा है। हेड कोच गौतम गंभीर का रोल और टीम की रणनीति भी रिव्यू का हिस्सा होगी। श्रेयस अय्यर की कप्तानी भी समीक्षा के दायरे में आएगी। यह दावा न्यूज एजेंसी ANI ने सूत्रों के हवाले से किया है।

रिपोर्ट के अनुसार आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार खराब प्रदर्शन के बाद बोर्ड यह समझना चाहता है कि रणनीति और टीम चयन के स्तर पर कहां कमी रही। फिलहाल गंभीर और अय्यर पर कोई फैसला नहीं हुआ है, लेकिन उनके कामकाज की समीक्षा तय मानी जा रही है।

गंभीर का एग्रीमेंट 2027 तक है। अय्यर हाल ही में कप्तान बनाए गए हैं। भारतीय टीम को आयरलैंड दौरे में 0-2 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा था। जबकि, टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 0-3 से पिछड़ रही है। एक मैच नो रिजल्ट रहा था। एक दिन पहले टीम सीरीज के चौथे मैच में 9 विकेट से हार गई थी।

### ब्रिस्टल में 13.5 ओवर में हारे

इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टी-20 में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। कप्तान अय्यर ने 49 गेंदों पर नाबाद 80 रन बनाए, लेकिन बाकी बल्लेबाज बड़ा योगदान नहीं दे सके। जवाब में इंग्लैंड ने 159 रन का लक्ष्य 13.5 ओवर में सिर्फ एक विकेट खोकर हासिल कर लिया। इंग्लैंड ने पहली बार भारत के खिलाफ दो या उससे अधिक मैचों की बाइलेटरल टी-20 सीरीज जीती।

### 12 साल बाद इंग्लैंड ने भारत को हराया

2014 के बाद पहली बार इंग्लैंड ने भारत को टी-20 सीरीज में हरा दिया। दोनों टीमों के बीच अब तक 10 सीरीज खेली गईं, जिनमें भारत ने 5 और इंग्लैंड ने 4 जीतीं। एक सीरीज ड्रॉ रही थी।

### अय्यर की कप्तानी में लगातार दूसरी सीरीज गंवाई

BCCI ने हाल ही में टी-20 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान सूर्यकुमार यादव की जगह श्रेयस अय्यर को कप्तानी सौंपी थी। हालांकि, यह फैसला अब तक टीम के पक्ष में नहीं गया है। भारत लगातार दूसरी टी-20 सीरीज हार चुका है। इंग्लैंड दौरे से पहले टीम को आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से सीरीज गंवानी पड़ी थी, जो भारत की आयरलैंड के खिलाफ पहली टी-20 सीरीज हार थी।

# रेप के आरोपी ने जमानत मिलते ही 6 हत्याएं कीं

- पहले पत्नी-बच्चों, फिर पीड़ित और उसके परिवार को मार डाला
- तेलंगाना की घटना

तेलंगाना के रंगा रेड्डी जिले में नाबालिग से रेप के एक आरोपी ने शुक्रवार रात जमानत पर बाहर आते ही 6 हत्याएं कर दीं। पहले उसने अपनी 30 साल की पत्नी, 4 साल और 18 महीने के दो बेटों की हत्या की।

इसके बाद वह करीब 6 किलोमीटर दूर दूसरे गांव पहुंचा। जहां उसने 17 साल की रेप पीड़ित, उसकी मां और नानी को भी मार दिया। लड़की ने 16 मई को पॉक्सो (POCSO) एक्ट के तहत आरोपी राजकुमार के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया था।

### परिवार बोला- पहले ही मारने की धमकी दी थी

लड़की के मामा नरेश ने बताया, उसने मेरी चाची और भांजी की हत्या कर दी। उसने पहले भी लड़की को परेशान किया था और उस पर POCSO के तहत मामला दर्ज किया गया। उसने धमकी दी थी वह एक-दो हफ्ते में पूरे परिवार को मार डालेगा। मामला दर्ज होने के बाद भी उसे पूछताछ या रिमांड के लिए नहीं ले जाया गया।

# स्विगी इंस्टामार्ट से सड़े अंडे खराब दूध मिलने का आरोप

- शिकायत करने वाले को रिफंड करके मामला दबाया
- FSSAI ने 9 नोटिस जारी किए




**नई दिल्ली.** फूड रेगुलेटर FSSAI ने क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म स्विगी इंस्टामार्ट को 9 नोटिस जारी किए हैं। FSSAI को शिकायत मिली थी कि प्लेटफॉर्म ने उन्हें सड़े अंडे, खराब दूध और एक्सपायरी डेट वाले पैक्ड फूड डिलीवर किया।

FSSAI ने स्विगी इंस्टामार्ट से इस पूरे मामले पर स्पष्टीकरण और कम्पलायंस रिपोर्ट मांगी है। यदि कंपनी तय समय में सही जवाब नहीं देती है, तो उसके खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

इतना ही नहीं ग्राहक द्वारा इसे वापस करने के बाद भी कथित तौर पर इसी खराब प्रोडक्ट को दोबारा सप्लाई कर दिया गया। इसके अलावा, ग्राहकों ने स्विगी इंस्टामार्ट के जरिए खराब अंडे, खराब दूध और डैमेज पैकेज्ड फूड आइटम्स की डिलीवरी मिलने की भी शिकायतें की हैं।

### बिना वैलिड लाइसेंस के बिक रहा था सामान

जांच के दौरान FSSAI ने पाया कि प्लेटफॉर्म पर वेंडर्स के ऑनबोर्डिंग और वेरिफिकेशन सिस्टम में बड़ी कमियां हैं। स्विगी इंस्टामार्ट पर कुछ ऐसे फूड बिजनेस लिस्टेड पाए गए जिनका FSSAI लाइसेंस नंबर या तो गलत था, इनवैलिड था या फिर था ही नहीं।

# PM मोदी बोले- मैं 25 साल पुराना मफलर पहनकर न्यूजीलैंड आया

- यहीं मुझे गिफ्ट मिला था; हमारे लिए देश की जनसंख्या नहीं, उनकी भावना मायने रखती है



पीएम मोदी ने शनिवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने करीब तीन दशक पुराना किस्सा सुनाया। पीएम ने कहा- 25-30 साल पहले जब मैं किसी सरकार का हिस्सा नहीं था, तब मुझे यहां आने का मौका मिला था।

उस समय मुझे किसी ने गिफ्ट में 3 चीजें दीं, जो मैं भारत लेकर गया। एक- मफलर, दूसरी- कैप और तीसरा- एक सेट दस्ताना। उसमें भी एक चीज मैं अभी यहां इस कार्यक्रम में भी लेकर आया हूं।

इस मफलर को मैंने कई बार इस्तेमाल किया और आज भी संभाल कर रखा है।

पीएम ने आगे कहा कि हमारे लिए सामने वाले देश की जनसंख्या नहीं, जनकल्याण की भावना मायने रखती है। और इसलिए हमने न्यूजीलैंड से भी बहुत कुछ सीखा है और अब भी सीख रहे हैं। इस कार्यक्रम के बाद मोदी भारत के लिए रवान हो गए।

इससे पहले मोदी ने प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इसमें 18 बड़े फैसले और 10 समझौतों (MoU) पर साइन किए गए। दोनों नेताओं ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना बढ़ाकर करीब ₹35 हजार करोड़ करने का लक्ष्य रखा।

# बिना डेटा वाले मोबाइल रिचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं

- ट्राई ने ड्राफ्ट पेश किया, सुझाव मांगे
- 70% तक घट सकती हैं कीमतें

बिना डेटा वाले मोबाइल रीचार्ज प्लान सस्ते हो सकते हैं। दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI) इस पर काम कर रहा है। TRAI ने 'दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण विनियम, 2026' का नया मसौदा जारी किया है। इसका मुख्य उद्देश्य है- 'डेटा नहीं चाहिए, तो उसका पैसा क्यों दें?' ट्राई ने इस पर सभी पक्षों से सुझाव मांगे हैं, फिर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा।

### क्या है नया प्रस्ताव?

अभी कंपनियां सीमित समय के लिए ही 'केवल कॉल-एसएमएस' पैक देती हैं। इससे कई ग्राहकों को मजबूरी में डेटा वाला महंगा प्लान लेना पड़ता है। अब ट्राई ने प्रस्ताव दिया है कि कंपनियां जितने दिनों की वैधता जैसे 7, 28, 56 या 84 दिन का डेटा वाला प्लान लाती हैं, उतनी ही अवधि का 'केवल कॉल व एसएमएस' वाला प्लान भी लाना होगा। चूंकि मोबाइल प्लान्स में 50-70% खर्च डेटा का होता है, इसलिए नया नियम लागू होने पर सिर्फ कॉल-एसएमएस वाले प्लान की कीमत आधी से भी कम हो सकती है।

**संक्षेप...**

### घोड़बंदर रोड पर दो दिन मरम्मत कार्य

**ठाणे.** घोड़बंदर रोड के गायमुख घाट पर बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का काम शनिवार सुबह शुरू हो गया है, जो रविवार रात तक चलेगा. इस दौरान दोनों दिशाओं में यातायात पूरी तरह बंद नहीं होगा, लेकिन चरणबद्ध तरीके से ट्रैफिक डायवर्जन और लेन प्रतिबंध लागू रहेंगे. काशीमीरा ट्रैफिक पुलिस ने संभावित जाम को देखते हुए वाहन चालकों से अगले दो दिनों तक वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करने की अपील की है.

# शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की तारीफ की

- **NDA में जाने की अटकलें**
- **चार दिन पहले पवार-शिंदे की मुलाकात हुई थी**

**मुंबई.** NCP(SCP) के अध्यक्ष शरद पवार ने महाराष्ट्र सरकार की किसान कर्जमाफी योजना में हुए बदलाव की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से लाखों किसानों को फायदा मिलेगा। पवार ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का धन्यवाद भी किया।

शरद पवार की पार्टी NCP के NDA में शामिल होने या कांग्रेस में विलय की अटकलें भी हैं। हालांकि, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे ने इन सभी चर्चाओं को अफवाह बताया है।

सूत्रों के मुताबिक, पवार की पार्टी के नेता NDA में शामिल के फेवर में नहीं हैं। कुछ नेताओं ने इस पर असहमति जताई है।

दरअसल, इन अटकलों को उस समय और बल मिला, जब शरद पवार ने महाराष्ट्र-कर्नाटक सीमा विवाद पर 8 जुलाई को मुंबई में विधानभवन में मीटिंग हुई थी। इसके बाद पवार ने डिप्टी CM शिंदे के कमरे में अपनी पार्टी के विधायकों से मुलाकात की।



- **शरद पवार बोले- सरकार फैसला नहीं लेती तो लाखों किसानों को नुकसान होता**

शरद पवार ने कहा कि राज्य सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं और कृषि उपज के दामों में गिरावट को देखते हुए कर्जमाफी योजना की घोषणा की थी। हालांकि, योजना में शुरू में कुछ ऐसी शर्तें रखी गई थीं, जिनसे बड़ी संख्या में किसानों को लाभ नहीं मिल पाता।

उन्होंने कहा कि पहले 2019 की महात्मा ज्योतिराव फुले किसान कर्जमाफी योजना का लाभ लेने वाले किसानों के लिए अधिकतम 50 हजार रुपये तक की ही राहत का प्रावधान था। इसके अलावा, नियमित रूप से कर्ज चुकाने वाले किसानों के लिए वर्ष 2025-26 और 2026-27 के फसल ऋण का भुगतान करना अनिवार्य रखा गया था। पवार ने कहा कि इन दोनों शर्तों के कारण लाखों किसान योजना के दायरे से बाहर हो जाते। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सरकार का इन शर्तों को वापस लेने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह फैसला राज्य के किसानों की भावनाओं के अनुरूप है।

- **कांग्रेस से अलग होकर बनाई थी NCP**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) की स्थापना 10 जून 1999 को शरद पवार, पीए संगमा और तारिक अनवर ने की थी। तीनों नेताओं ने सोनिया गांधी के विदेशी मूल का मुद्दा उठाते हुए पार्टी नेतृत्व पर सवाल खड़े किए थे। कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया। इसके बाद तीनों ने NCP का गठन किया।

### नदी में लापता दो लोगों के शव केलवा पालघर में मिले

**भिवंडी.** भारी बारिश की वजह से शहर के पास बहने वाली कामवारी नदी में उफान आने से नदी में बह गया एक 17 साल का लड़का और नाले में गिरने और फिर नदी में बह जाने के बाद लापता हुआ एक 12 साल का लड़का, पाँच दिन बाद पालघर ज़िले के केलवा क्रीक में मिले। रविवार (5 जुलाई) को दोस्तों के साथ केकड़े पकड़ने गया मोहम्मद गैस तैरने के लिए कामवारी नदी में गया। लेकिन वह तेज़ बहाव में लापता हो गया। सोमवार (6) को, 13 साल का मोहम्मद अबुज़र, जो अपने दोस्तों के साथ काकूबाई चॉल इलाके में खेल रहा था, एक नाले में गिरने के बाद लापता हो गया।

# मतदाता पुनरीक्षण की अवधि बढ़ाने की अपील

- **SIR अभियान को लेकर चुनाव आयुक्त से मिला सपा प्रतिनिधिमंडल**



**भिवंडी.** मतदाता पुनरीक्षण (SIR) अभियान को लेकर समाजवादी पार्टी विधायक अबू आसिम आजमी एवं भिवंडी सपा जिलाध्यक्ष अनस अंसारी की अगुवाई में गए प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से कागजी प्रक्रिया आसान करने और अभियान की अवधि बढ़ाने की मांग की है. विधायक आजमी का कहना है कि मौजूदा प्रक्रिया में गरीब, मजदूर और ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को दस्तावेज़ जुटाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी, भिवंडी शहर (जिला) अध्यक्ष मोहम्मद अनस अंसारी सहित अन्य सपा पदाधिकारियों ने राज्य के मुख्य चुनाव आयुक्त दिनेश टी. वाघमारे को ज्ञापन देकर मांग की है कि, पात्र मतदाताओं का नाम सूची से न हटे और प्रक्रिया को अधिक सरल व पारदर्शी बनाया जाए. वर्ष 2002 से पहले के सरकारी रिकॉर्ड, स्कूल प्रमाणपत्र, घरपट्टी, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड और आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों को मान्यता दी जाए. बीएलओ द्वारा अपनाई जा रही अलग-अलग प्रक्रियाओं को समाप्त कर पूरे राज्य में एक समान दिशा-निर्देश लागू करें.

सपा भिवंडी जिलाध्यक्ष अनस अंसारी ने चुनाव आयुक्त वाघमारे को बताया कि,बारिश और बाढ़ की स्थिति के कारण शहर के कई रहिवासी क्षेत्रों में घर-घर सत्यापन और दस्तावेज़ संग्रहित करना बीएलओ को बेहद मुश्किल हो रहा है इसलिए 29 जुलाई 2026 तक निर्धारित एसआईआर अभियान की अवधि को कम से कम 2 माह बढ़ाया जाना बेहद जरूरी है जिससे पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न हों.चुनाव आयुक्त ने मामले को गंभीरता से देखकर उचित कार्यवाही का भरोसा सपा प्रतिनिधिमंडल को दिया है.

### उपमहापौर ने सिंघानिया हाई स्कूल में हुए फूड प्वाइजनिंग जांच का किया मांग

**ठाणे.** मनपा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वर्तकनगर में स्वर्गीय सुलोचना देवी सिंघानिया हाई स्कूल के तीसरी और चौथी क्लास के करीब 55 से 60 विद्यार्थियों को फ़ूड प्वाइजनिंग हुई है।

ठाणे जिलाधिकारी और मनपा आयुक्त को लिखे पत्र में उपमहापौर कृष्णा दादू पाटिल ने इस गंभीर घटना की पूरी जांच और ज़िम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की मांग की है।उपमहापौर पाटिल द्वारा दिए गए पत्र के मुताबिक, संबंधित विद्यार्थियों को स्कूल द्वारा 1 और 2 जुलाई, 2026 को लोअर परेल, मुंबई में आयोजित एक विज्ञान प्रोग्राम के लिए ले जाया गया था। इस ट्रिप के दौरान विद्यार्थियों ने स्कूल प्रशासन द्वारा दिए गए ट्रैवल अरेंजमेंट के ज़रिए यात्रा की। उन्होंने खुद विद्यार्थियों के लिए नास्ता और खाने का इंतज़ाम किया था।पत्र में बताया गया है कि करीब 55 से 60 विद्यार्थियों को उल्टी, दस्त की वजह से इलाज के लिए जुपिटर और ठाणे के दूसरे हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा।उपमहापौर पाटिल ने बताया है कि स्कूल प्रशासन ने तुरंत ज़िम्मेदारी लेने और ज़रूरी कदम उठाने के बजाय घटना को नज़रअंदाज़ कर दिया। उन्होंने यह भी मांग की सही कारण, कौन ज़िम्मेदार अधिकारी या संबंधित व्यक्ति है, इसकी बिना किसी भेदभाव के जांच की जाए और सच जनता के सामने लाया जाए।

**अस्पताल में डॉक्टरों से मारपीट का मामला**

# नगरसेवक सहित 4 आरोपी 13 जुलाई तक पुलिस कस्टडी



- **हर 6 घंटे में मेडिकल चेकअप करने का निर्देश**

**कल्याण:** डोंबिवली के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टर और नर्स तथा महिला कर्मचारियों से मारपीट के मामले में गिरफ्तार शिवसेना (शिंदे) के नगरसेवक रमेश म्हात्रे सहित 4 आरोपियों को शुक्रवार को कल्याण कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सभी आरोपियों को सोमवार 13 जुलाई तक पुलिस रिमांड में रखने का आदेश दिया। साथ ही पैरवी के दौरान म्हात्रे के वकील ए.वाई. पतकी ने उनकी तबियत का हवाला देते हुए हर 6 घंटे में मेडिकल जांच की मांग की थी, जिसे न्यायधीश ने मंजूरी दी।

बता दें कि मंगल की रात डोंबिवली के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टर और नर्सों के साथ मारपीट हुई थी, जिसमें विष्णुनगर पुलिस ने एक महिला सहित 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। बुधवार को शिवसेना नगरसेवक रमेश म्हात्रे की गिरफ्तारी हुई, लेकिन उनकी तबियत बिगड़ने के कारण उन्हें ठाणे के सिविल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। शुक्रवार सुबह अस्पताल से डिस्चार्ज मिलने के बाद पुलिस ने उन्हें कल्याण कोर्ट में पेश किया। जहां से अदालत ने रमेश म्हात्रे सहित चारों आरोपियों को सोमवार 13 जुलाई तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया। फिलहाल आरोपियों को रिमांड में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# मनपा के डंपर से कुचलकर मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत

- **गुस्साए लोगों ने डंपिंग ग्राउंड के ऑफिस में तोड़फोड़ की**
- **डंपर को दिया आग के हवाले**



**भिवंडी.** भिवंडी के चाविंद्र रामनगर में एक डंपिंग ग्राउंड से डंपर निकालते समय एक लड़की की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद गुस्साए स्थानीय लोगों ने यहां मनपा कर्मचारियों के केबिन ऑफिस में तोड़फोड़ की और डंपर को आग के हवाले कर दिया। मृतक लड़की की पहचान शनाया अब्दुल हक (3) के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, रामनगर की एक महिला अपनी छोटी लड़की को डंपिंग ग्राउंड के पास एक गांव में काम करने के लिए ले गई थी। उस समय, छोटी शनाया सड़क पर खेल रही थी, तभी डंपिंग ग्राउंड पर कचरा डालने आया एक डंपर नंबर MH 04 DK 1166 अचानक पीछे हो गया और लड़की उसके पहियों के नीचे आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद, स्थानीय लोग लड़की को स्वर्गीय इंदिरा गांधी स्मृति उपजिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की जानकारी मिलने पर लोकल पार्षद रोहिदास वाघमारे और साजू सिद्दीकी हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने मांग की है कि डंपर ड्राइवर के खिलाफ लोकल भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन में केस दर्ज किया जाए और मृतक लड़की के परिवार को आर्थिक मदद दी जाए।

इस बीच, इस बुरी घटना के बाद गुस्साए लोकल लोगों ने डंपिंग ग्राउंड पर नगर निगम कर्मचारियों के ऑफिस का फर्नीचर तोड़ दिया और बाहर फेंक दिया। जिस डंपर से हादसा हुआ, उसे जला दिया गया। इसके बाद मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई है और भिवंडी तालुका पुलिस स्टेशन में केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# आज़ाद नगर हादसे का विधायक निरंजन डावखरे ने किया दौरा

- **मृतक परिवार से मिले और तुरंत मदद की मांग की**



**ठाणे.** विधायक निरंजन डावखरे ने आज ठाणे के आज़ाद नगर परिसर में मद्रासी चॉल में कल हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे के बाद घटनास्थल का दौरा किया और पूरी स्थिति का मुआयना किया। इस मौके पर उन्होंने हादसे में मारे गए 12 साल के बच्चे के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी और घायलों का हालचाल पूछा।यह चॉल करीब 25 से 30 साल पुरानी है, और यह हादसा तब हुआ जब पहली मंज़िल पर गैलरी का एक हिस्सा अचानक गिर गया।इस हादसे में एक मासूम बच्चे की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. इस घटना से इलाके में दुख फैल गया है।घटनास्थल के मुआयने के दौरान विधायक डावखरे ने सहायक आयुक्त काले से फ़ोन पर डिटेल में बात की और हादसे के बारे में पूरी जानकारी ली।उन्होंने प्रशासन से मांग की कि घायलों को तुरंत सबसे अच्छा मेडिकल इलाज मिले, मृतक बच्चे के परिवार को सरकार की तरफ से सही आर्थिक मदद दी जाए और हादसे की पूरी जांच के बाद जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जरूरी कार्रवाई की जाए।

इस समय, इलाके की खतरनाक और जर्जर इमारतों का तुरंत स्ट्रक्चरल ऑडिट किया जाना चाहिए और जरूरी कदम उठाए जाने चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसों से बचा जा सके।विधायक डावखरे ने कहा कि वे हादसे में घायल परिवार के दुख में पूरी तरह से शामिल हैं और उन्हें न्याय और जरूरी मदद दिलाने के लिए आगे भी प्रयास करते रहेंगे।


**आम सूचना**

हम श्री प्रकाश करतारलाल थारवाणी व श्रीमती निशा प्रकाश थारवाणी सभी को सूचित कर रहे हैं कि फ्लैट नं. 201, 2रा माला, मनवाणी मैन्शन, ब्लॉक नं. ए-35, रुम नं. 209-210, गोल मैदान के पास, उल्हासनगर- 1 (टैक्स नं. 12एआय015297700) उक्त प्रॉपर्टी श्री गिरीश अजीत हरीसिंघाणी से सेल एग्रीमेंट 8.5.2018 सी.नं. 1155 द्वारा खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्री प्रकाश करतारलाल थारवाणी व श्रीमती निशा प्रकाश थारवाणी**

**आम सूचना**

मैं श्रीमती ज्योती पी. तलरेजा सभी को सूचित कर रही हूं कि ब्लॉक नं.ए-46, रुम नं. 276, 260 चौ.फुट, पोर्शन, उल्हासनगर- 1. (टैक्स नं. 12बीआय015228400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती नूतन मंजूनाथ रायकर व श्री मंजूनाथ रामनाथ रायकर के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.12.2009 सी.नं. 115 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
**श्रीमती ज्योती पी. तलरेजा**

**आम सूचना**

इस आम सूचना द्वारा मैं श्रीमती वीना चंदरलाल रुपचंदानी सभी को सूचित कर रही हूं कि मेरे पति श्री चंदर भगवानदास रुपचंदानी का देहांत 9 मार्च 2024 को हो गया है. उनके नाम पर मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 एवी 8036 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 एवी 8036 मेरे श्रीमती वीना चंदरलाल रुपचंदानी के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्रीमती वीना चंदरलाल रुपचंदानी**

**आम सूचना**

इस आम सूचना द्वारा मैं श्री प्रकाश भावनदास लुधरिया सभी को सूचित कर रहा हूं कि श्री भावनदास गोउमल लुधरिया का देहांत 22 जुलाई 2021 को हो गया है. उनके नाम पर मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 सीएल 4509 है जिसे अब मेरे नाम पर परिवर्तन करने के लिए कल्याण आर.टी.ओ. कार्यालय में आवेदन दे दिया है. उपरोक्त गाड़ी पर किसी को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो जैसे विक्री व्यवहार, खरीदी व्यवहार, गिरवी, दान बक्षीस, वारण, लीज तथा अन्य कोई लेन देन हो तो इस आम सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिन के भीतर अपनी आपत्ती आर.टी.ओ. कार्यालय, कल्याण में दर्ज कराएं। अन्यथा मोटरसायकल एक्टिवा नं. एमएच05 सीएल 4509 मेरे श्री प्रकाश भावनदास लुधरिया के नाम पंजीकरण कर दिया जाएगा.

सही/-
**श्री प्रकाश भावनदास लुधरिया**


# विंबलडन मैच देखने पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा



- **पति निक जोनास को वीडियो कॉल पर कराया लाइव टूर**
- **मैच के दौरान दिखा स्टाइलिश लुक**

**बॉ**लीवुड एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा गुरुवार को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट का मुकाबला देखने पहुंचीं। वे महिला सिंगल्स के सेमीफाइनल मैच के दौरान फ्रंट रो में बैठी नजर आईं, जहां कोको गॉफ और कैरोलिना मुचोवा के बीच मुकाबला चल रहा था।

प्रियंका ने स्टेडियम से ही अपने पति और अमेरिकी सिंगर निक जोनास को फेसटाइम पर वीडियो कॉल किया और उन्हें विंबलडन का लाइव टूर कराया। सोशल मीडिया पर उनके इस वीडियो कॉल और स्टाइलिश लुक की काफी चर्चा हो रही है। इस मैच के दौरान प्रियंका के साथ कई हॉलीवुड हस्तियां भी मौजूद थीं।

### निक जोनास को वीडियो कॉल कर दिखाया मैच

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा जैसे ही स्टैंड्स की तरफ बढ़ रही थीं, उन्होंने वहां मौजूद हॉलीवुड एक्ट्रेस सिंथिया एरिवो से मुलाकात की और उनका अभिवादन किया। इसके बाद वे अपनी सीट पर बैठ गईं और उनका पूरा ध्यान मैच पर ही था। मुकाबला देखने के दौरान ही उन्होंने अपना फोन निकाला और पति निक जोनास को फेसटाइम कॉल मिला दिया। उन्होंने निक को वहां का माहौल दिखाया और मैच से जुड़े लाइव अपडेट्स दिए।

### कई बड़ी हस्तियों के साथ आईं नजर

स्टेडियम में प्रियंका चोपड़ा के साथ कई अन्य जानी-मानी हस्तियां भी मैच का लुत्फ उठा रही थीं। उनके साथ लेडी हेलेन टेलर, एक्ट्रेस लिली जेम्स, पूर्व रॉयल बैले प्रिंसिपल डार्सी बसेल, एक्ट्रेस अन्ना मैक्सवेल मार्टिन और ब्रॉडकास्टर एमिली मैतलीस जैसी हस्तियां मौजूद थीं। प्रियंका इस खास खेल आयोजन में बेहद स्टाइलिश आउटफिट में पहुंची थीं, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर सामने आई हैं।

# गणेशोत्सव पर कोंकण रेलवे टिकट के लिए ठाणे स्टेशन पर दो टिकट विंडो का उद्घाटन



**ठाणे.** सांसद नरेश म्हस्के की मांग पर ध्यान देते हुए, सेंट्रल रेलवे प्रशासन ने आने वाले गौरी-गणपति उत्सव के लिए सिर्फ़ कोंकण जाने वाले यात्रियों के लिए ठाणे रेलवे स्टेशन के पास रिज़र्वेशन सेंटर पर दो और रिज़र्वेशन टिकट विंडो शुरू की हैं, ताकि कोंकण जाने वाले सेवादारों का सफ़र आसान और ज़्यादा आरामदायक हो सके। ये विंडो 11 से 31 जुलाई के बीच चालू रहेंगी। इसका उद्घाटन आज सांसद नरेश म्हस्के ने किया।सांसद म्हस्के ने कोंकण के लोगों से अपील की कि वे ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में इस सर्विस का फ़ायदा उठाएँ।ठाणे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा और मॉनसून की समस्या का पक्का हल निकालने के लिए कई डेवलपमेंट के काम तेज़ी से पूरे किए जा रहे हैं। हर साल मॉनसून के दौरान ठाणे स्टेशन पर पानी जमा होने की समस्या को दूर करने के लिए अंडरग्राउंड 'माइक्रोटनल' का काम पूरा हो गया है।इस वजह से, इस मॉनसून के मौसम में ठाणे स्टेशन एरिया में कहीं भी पानी जमा नहीं हुआ है, जो ठाणे के लोगों के लिए बहुत अच्छी बात है। प्लेटफॉर्म नंबर 5 और 6 पर नए एस्केलेटर (चलती सीढ़ियां) लगाने का काम चल रहा है और जल्द ही इसे यात्रियों के लिए चालू कर दिया जाएगा। साथ ही, प्लेटफॉर्म नंबर 1 और 2 पर पब्लिक टॉयलेट के रेनोवेशन का काम तेज़ी से चल रहा है, ऐसा सांसद म्हस्के ने मीडिया को बताया। इस मौके पर रेलवे के सीनियर अधिकारी सुशांत मिश्रा, अपर्णा देवधर, मिलिंद शिंदे, शशांक सरतुर, रणजीत सिंह, प्रमिला देवगन, लूसी कुजूर, रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन की पदाधिकारी मानसी जोशी, शिवसेना ग्रुप लीडर पवन कदम, विलास जोशी, पूर्व नगरसेवक भास्कर पाटिल, बाला गवस, जगदीश थोरात, किरण नाकती, प्रशांत पाटिल, प्रकाश पायरे, सचिन चांदगुडे, वैभव ठाकुर, प्रीतम राजपूत, अशोक कदम आदि मौजूद थे।

### शिवसेना (यूबीटी) राम रक्षा आंदोलन

**ठाणे.** शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी की तरफ से ठाणे स्टेशन के नजदीक गावदेवी मंदिर के पास पुराने हनुमान मंदिर में शनिवार को ठाणे में राम रक्षा आंदोलन किया. इस आंदोलन में शिवसैनिकों ने ₹गर्व से कहो हम हिंदू हैं₹ लिखी टोपियां पहनकर आंदोलन में हिस्सा लिया. आंदोलन के दौरान महाआरती, राम रक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया. राम रक्षा आंदोलन में शिवसेना (यूबीटी) पार्टी के नेता पूर्व सांसद राजन विचारे, विधायक रमेश कोरगांवकर, ठाणे लोकसभा संपर्क प्रमुख आदित्य शिरोडकर, जिला प्रमुख तात्या माने, प्रभाकर म्हात्रे, केदार दिघे, प्रवीण म्हात्रे, महिला जिला संगठन रेखा खोपकर, रंजना शिंत्रे, नीलम धवन, उपनेता ज्योति ठाकरे, उपनेता गुरुनाथ खोत, मनोज मायेकर, शहर प्रमुख अनीश गढ़वे, नरेश मनेरा, सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए.


उल्हास वि NEWS LIVE FOLLOW US @ulhasvikas ulhasvikas@gmail.com Google Play
GET IT ON ULHAS VIKAS Google Play
Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel Subscribe
मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
सब पे नजर, सबकी खबर Since 1985
Late Shri. ASHOK U. BODHA 18-02-1945 to 19-12-2017
www.ulhasvikas.com epaper.ulhasvikas.com
Chief Editor Hero Ashok Bodha L.L.B., BMM, MA (PS)


यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099